आदिवासी परिवार से निकलकर लोक सेवा के मार्ग पर चलते हुए राष्ट्रपति पद तक की यात्रा तय करने वाली महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू जी के शपथ ग्रहण समारोह के इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। —— ब्रजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

सड़क हादसे में कांवड़िए की मौत, छह घायल

टेम्पो और स्कूटी की टक्कर में बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराए दोनों वाहन

अमरोहा (एसएनबी)। गजरौला में नेशनल हाईवे पर स्कूटी और टेम्पो की टक्कर हो गई। दोनों वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गए। हादसे में एक स्कूटी सवार कांवड़िए की मौत हो गई, जबकि छह शिवभक्त घायल हो गए।

गजरौला में हाईवे पर स्कूटी और टेम्पो की टक्कर के बाद दोनों वाहन बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गए। हादसे में स्कूटी सवार रामपुर के कांवड़िए की मौत हो गई। दोनों वाहनों पर सवार महिला समेत छह शिवभक्त घायल हो गए। सभी भक्त ब्रजघाट से गंगा जल लेने जा रहे थे। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से तीन को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसा रविवार की रात 12 बजे नेशनल हाईवे पर गजरौला और रजबपुर सीमा पर हुआ। रामपुर के सिविल लाइन निवासी वासु भाटिया, ईशांत यादव व समर रविवार की रात स्कूटी से ब्रजघाट से गंगा जल लेने जा रहे थे। मुरादाबाद के हनुमान नगर मोहल्ला निवासी प्रशांत, राजवीर व उनकी पत्नी राजेश्वरी, पूनम पत्नी सतीश टेम्पो में सवार थे। वह भी ब्रजघाट से गंगा जल लेने जा रहे थे। जैसे ही टेम्पो व स्कूटी रजबपुर और गजरौला थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर पहुंचे तभी दोनों की टक्कर हो गई। इसके बाद अनियंत्रित दोनों वाहन डिवाइडर से टकरा गए। हादसे में 30 वर्षीय वासु भाटिया पुत्र तिलकराज की मौके पर मौत हो गई जबकि उनके साथी ईशांत यादव व समर और टेम्पो सवार प्रशांत, राजवीर, उनकी पत्नी राजेश्वरी, पूनम पत्नी सतीश घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। इधर वासु भाटिया के दो दोस्त भी आ गए। वह भी बाइक से ब्रजघाट कांवड़ लेने जा रहे थे। उन्होंने हादसे में मृत वासु भाटिया और घायल ईशांत और समर की पहचान की। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद ईशांत, समर व राजवीर को रेफर कर दिया गया। पुलिस ने वासु भाटिया के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर मिलते ही वासु के परिजन रोते-बिलखते पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंच गए। महेशरा निवासी कुलदीप व नकुल भी हादसे में घायल हो गए। वह दोनों ब्रजघाट से कांवड़ में गंगा जल ला रहे थे। उनको भी सीएचसी से रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष रमेश सहरावत ने बताया कि हादसे में रामपुर के युवक की मौत हो गई है। अन्य महिला सहित छह लोग घायल हुए हैं। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।

बहन से झगड़ा होने पर फंदे से झूला छात्र

अमरोहा (एसएनबी)। मां की डांट से नाराज होकर कक्षा 11 के छात्र ने फंदे से लटककर मौत को गले लगा लिया। सवेरे उसका शव बाग में पेड़ से लटका मिला तो परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतारा। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

थाना बछरायूं के एक गांव निवासी 17 वर्षीय किशोर का देर शाम अपनी बहन के साथ किसी बात को लेकर मामूली विवाद हो गया था। बताया जाता है कि मां ने बेटे को बहन के साथ झगड़ा नहीं करने की हिदायत देकर मामूली रूप से डांट दिया। किशोर नाराज होकर घर से निकल गया। पूरी रात परिजन उसकी तलाश में इधर उधर भटकते रहे लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। सवेरे उसका शव गांव से सटे एक बाग में पेड़ से लटका मिला। शव मिलने की जानकारी मिलने पर परिजन बदहवास हो गए। रोते बिलखते परिजन मौके पर आए और शव नीचे उतारा। गांव के लोग भी मौके पर आ गए। पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। परिजन अपने बेटे की मौत से बेहद गमजदा हैं।

तीन मजारों में आगजनी व तोड़फोड़ कर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास

पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार

एटीएस व खुफिया एजेंसी विदेशी कनेक्शन तलाशने में जुटी

बिजनौर (एसएनबी)। शेरकोट इलाके में दो युवकों ने तीन मजार (धार्मिक स्थल) में तोड़फोड़ कर आग लगाकर साम्प्रदायिक तनाव फैलाने का प्रयास किया। पुलिस ने मामले में दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस, एटीएस व प्रदेश की खुफिया एजेंसी दोनों युवकों से पूछताछ करने में जुटी हैं। खुफिया एजेंसी मामले को विदेशी नेटवर्क से जोड़कर देख रही है। कांवड़ के दौरान इस तरह की घटना को लेकर हर कोई सकते में है।

शेरकोट थाना क्षेत्र में ग्राम घोसियावाला व जलालशाह वाला की मजार में तोड़फोड़ व आग लगाये जाने की सूचना मिलने पर पूरे जिले के पुलिस प्रशासन में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में जिले के तमाम थानाध्यक्षों को मय फोर्स के मौके पर पहुंचने की हिदायत पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने दी। इस बीच ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस से जलालशाह की मजार के पास से कमाल अहमद नामक युवक को पकड़ लिया। कमाल अहमद शेरकोट के मोहल्ला कायस्थान निवासी निकला। पुलिस ने कमाल अहमद से पूछताछ के बाद उसके भाई आदिल को भी पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों भाइयों ने मजार में तोड़फोड़ करना स्वीकार किया। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान इस तरह का कृत्य करना साम्प्रदायिक सौहार्द की नुकसान पहुंचाने जैसा है। यदि समय रहते पुलिस मामले की गुत्थी नहीं सुलझाती तो तनाव से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि पुलिस अभी प्रकरण की जांच कर रही है। मामले की गूंज प्रदेश मुख्यालय तक पहुंचने के बाद जिले में एटीएस व खुफिया एजेंसी के अधिकारी जिले में डेरा डाले रहे। अधिकारी पकड़े गये युवकों के विदेशी नेटवर्क तलाशने में जुटे हैं।

सूत्रों का मानना है कि कमाल अहमद कुवैत की यात्रा कर चुका है। हो सकता है उसका आईएसआई से कोई कनेक्शन हो। दोनों युवकों के परिजनों का मानना है कि कमाल अहमद व आदिल के एक भाई की काफी समय पहले मौत हो गई थी। भाई की मौत के बाद कमाल अहमद डिप्रेशन में रहता था, वह नास्तिक हो गया था। डिप्रेशन की वजह से दोनों ने मजार को नुकसान पहुंचाया है। घटना से पूरा परिवार शर्मिंदा है।

बागपत : लोनी-ढिकोली मार्ग पर जलभराव के चलते जर्जर हुए मार्ग का दृश्य।

लोनी-ढिकोली मार्ग पर जलभराव और गंदगी के कारण लोगों का जीवन दूभर

विभाग की ओर से मार्ग की मरम्मत कराने के लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया है, मार्ग की जल्द मरम्मत कराई जाएगी : अतुल कुमार, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी

बागपत (एसएनबी)। लोनी-ढिकोली मार्ग पर जलभराव होने से सड़क जगह-जगह से टूट गई है और मार्ग में गड्ढे बन गए हैं जिससे दस से ज्यादा गांवों के करीब दस हजार लोगों के लिए मार्ग से गुजरने में परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि कई बार अधिकारियों से समस्या का समाधान कराने की मांग की जा चुकी है, मगर अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

रटौल में पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं है, जिससे कस्बे का पानी लोनी-ढिकोली मार्ग पर भरा रहता है। मार्ग पर जलभराव और गंदगी के कारण कस्बे के अलावा कई गांव के लोगों को परेशानी हो रही है। ढिकोली-लोनी मार्ग मेरठ और गाजियाबाद को जोड़ता है। इस मार्ग पर रोजाना हजारों लोगों का आना-जाना है। लोगों ने समस्या का समाधान कराने के लिए समस्या का जल्द समाधान कराने की मांग की है। ढिकोली-लोनी मार्ग पर जलभराव व गंदगी के कारण कस्बा रटौल के अलावा घिटोरा, नंगला, फिरोजपुर, निरोजपुर, तीगरी, डगरपुर, घिटौरा, गोठरा आदि दस गांव के लोगों का आना-जाना है। मार्ग लोनी के अलावा मेरठ और गाजियाबाद मार्ग को जोड़ता है। इस मार्ग से रोजाना हजारों लोगों का आना-जाना है।

अतुल कुमार, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी का कहना है कि विभाग की ओर से मार्ग की मरम्मत कराने के लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया है, मार्ग की जल्द मरम्मत कराई जाएगी।

महिला की हत्या का खुलासा, चार गिरफ्तार

दुष्कर्म में विफल रहने पर की गई थी महिला की हत्या

बिजनौर (एसएनबी)। चांदपुर इलाके में करीब एक सप्ताह पूर्व जंगल गई महिला की हत्या उसके परिवार के नजदीकी युवकों ने दुष्कर्म में विफल रहने पर गला घोट कर की थी। पुलिस ने मृतका के चचेरे देवर सहित चार युवकों को गिरफ्तार किया है। मामले में मृतका के पति ने गांव के अन्य लोगों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

चांदपुर क्षेत्र के ग्राम भगवंतपुर ककराला निवासी कुमकुम (27) नामक महिला की 19 जुलाई को उस समय हत्या कर दी गई थी जब वह जंगल में पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। मृतका के पति सुनील ने गांव के कुछ लोगों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दलित महिला की हत्या के मामले को गम्भीरता से लेते हुए एएसपी ग्रामीण रामअर्ज ने तीन टीमों का गठन किया था। पुलिस लाइन में मामले का खुलासा करते हुए एएसपी ग्रामीण रामअर्ज ने बताया कि मृतका कुमकुम का पति सुनील व जेठ गांव से बाहर मजदूरी करते हैं। गांव में उसका चचेरा भाई विशाल उसकी पत्नी पर गलत नजर रखता था। अकसर जंगल आते-जाते वह कुमकुम को छेड़ता और परेशान करता था। जब कुमकुम उसके बहकावे में नहीं आई तो उसने जंगल में जाकर अपने तीन साथियों के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। दुष्कर्म में विफल रहने व बदनामी के भय से चारों ने कुमकुम की उसके दुपट्टे से ही गला घोटकर उसकी हत्या कर दी। इतना ही नहीं चारो ने मृतका के शरीर पर मिट्टी डाल दी, ताकि फिंगर प्रिंट तक नहीं मिल सके।

पुलिस ने विशाल के साथी छोटू,अमित व कोशिन्द्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का मानना है कि विशाल के मृतका से प्रेमप्रसंग भी रह चुके थे लेकिन वह अब उससे छुटकारा पाना चाहती थी।

चरस के साथ दो गिरफ्तार, भेजा जेल

मुजफ्फरनगर (एसएनबी)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध भोपा पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, जिसमें पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चरस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि चौकी प्रभारी शुक्रताल ललित कुमार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति चरस को बेचने आ रहे हैं। जिस पर चौकी प्रभारी शुक्रताल ने कांस्टेबल अनुज कुमार, अमित कुमार को साथ लेकर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर छापेमारी की, जिसमें मोरना ब्लॉक के पास शुक्रताल गेट तिराहे के पास से दो संदिग्ध को पकड़ लिया, जिनकी तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर दोनों ही के पास से 75-75 ग्राम चरस बरामद हुई। दोनो को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए थाने ले जाया गया, जहां पर पूछताछ के दौरान दोनों ने अपने नाम बबलू उर्फ कुंवरपाल पुत्र इलम सिंह तथा दूसरे ने अपना नाम विज्ञान पुत्र चेतन निवासी ग्राम भुवापुर थाना ककरौली बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों ही आरोपियों को जेल भेज दिया। दोनों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

कार बनी आग का गोला, तीन झुलसे

सहारनपुर (एसएनबी)। नगर के बाजार में एक कार में अचानक आग लगने से कार आग का गोला बन गई। कोतवाली पुलिस ने धू-धू कर जल रही कार पर पानी डालकर आग पर काबू पाया और झुलसे युवकों को अस्पताल पहुंचाया।

कस्बे के मोहल्ला खालसा में सोमवार को नैनी कार में आग लग गई और लंबी ऊंची-ऊंची आग की लपटें उठने लगीं।कोतवाली पुलिस के उप निरीक्षक अजय कसाना व कांस्टेबल मोहम्मद कामिल भी मौके पर पहुंच गए। दोनों ने आग लगी कार पर पानी डाला तथा मोहल्लेवासियों ने भी इसमें मदद कर आग पर काबू पा लिया और कार में सवार नगर के सुलेमान, साहिल व चांद को अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल साहिल को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, एक घायल

मुजफ्फरनगर (एसएनबी)। हरिद्वार से जल लेकर आए कांवड़िए को दूध देने जा रहे एक व्यक्ति की बाइक आवारा पशु से टकरा जाने से मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसे चिकित्सकों ने रेफर कर दिया है। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची रतनपुरी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। व्यक्ति की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ था।

थाना रतनपुरी क्षेत्र के निवासी सहज पब्लिक स्कूल के पास आवारा पशु टकराने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। रतनपुरी निवासी सावन पुत्र शिवकुमार मनी पुत्र रघुराज निवासी रतनपुरी अपने रिश्तेदार जो हरिद्वार से कांवड़ लेकर खतौली बुढ़ाना मार्ग पर स्थित रामपुर कांटे पर आकर रुक गये थे। रिश्तेदार को दूध देकर वापस लौटे रहे थे। अचानक सहज पब्लिक स्कूल के सामने आवारा गोवंश उनकी बाइक से टकरा गये।हादसे में दोनो व्यक्ति बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। सावन की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची रतनपुरी पुलिस ने दोनों घायलों को ग्रामीणो की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खतौली लेकर पहुंची जहा चिकित्सकों ने उपचार के दौरान सावन को मृत घोषित कर दिया और घायल मनी को गंभीर हालत देखते हुए रेफर कर दिया है। उधर रतनपुरी पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

खेत में पानी लगाने गये युवा किसान को मौत के घाट उतारा

सरधना/मेरठ (एसएनबी)। सरघना थाना क्षेत्र के पोहल्ली गांव में खेत में पानी लगाने गए युवा किसान को कुछ हमलावरों ने धारदार हथियार से वार कर मौत के घाट उतार दिया। युवक का रक्तरंजित शव निर्माणाधीन कॉरिडोर रेलवे ट्रैक के पास मिला। सूचना पाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी आरपी शाही भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। घटनास्थल से पुलिस को एक फावड़ा भी मिला है। पुलिस क्षेत्राधिकारी का कहना है कि युवक की हत्या किये जाने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाने में अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या किये जाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी हैं।

पोहल्ली गांव का शाजान खान (20) पुत्र अखलाक रविवार देर सायं अपने खेतों में सिंचाई करने के लिए घर से गया था। रात लगभग 11 बजे तक शाजान घर नहीं लौटा तब परिजनों ने उससे मोबाइल फोन पर संपर्क किया। शाजान ने तब परिजन को आधे घंटे बाद घर आने की बात कही। वह 12 बजे तक भी वापस नहीं आया। तब परिजनों ने उसके मोबाइल पर फिर से कॉल की इस बार शाजान के मोबाइल पर बेल बजती रही, मगर कॉल रिसीव नहीं की जा सकी। परिजन ग्रामीणों के साथ शाजान की तलाश में खेतों की तरफ गए। जंगल में जाकर जब उसके मोबाइल पर कॉल की तो वह निर्माणाधीन कॉरिडोर रेलवे ट्रैक के पास पुलिया की दीवार पर मोबाइल की रोशनी दिखायी दी। परिजन वहां पहुंचे तो मोबाइल दीवार पर रखा था और उसी के पास शाजान का रक्तरंजित शव पड़ा था।

सूचना पाकर थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसी बीच सीओ आरपी शाही भी वहां पहुंच गये। परिजनों ने खुद के परिवार की किसी से कोई रंजिश होने से इनकार किया है। शाजान के भाई सारिब ने थाने में अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

वन विभाग की टीम ने तेंदुए को किया पिंजरे में कैद

सहारनपुर (एसएनबी)। थाना मिर्जापुर क्षेत्र की ग्लोकल यूनिवर्सिटी में विगत एक सप्ताह से घुसकर दहशत फैलाने वाले तेंदुए को वन विभाग की टीम ने पिंजरे में कैद कर लिया। तेंदुए के पिंजरे में कैद होने से यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों व क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली।

गौरतलब है कि विगत एक सप्ताह से थाना मिर्जापुर क्षेत्र की ग्लोकल यूनिवर्सिटी में एक तेंदुआ घुस गया था जिस कारण यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं में दहशत का माहौल पैदा होने के साथ-साथ क्षेत्र के कई गांवों के लोग भी भयभीत थे। तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम ने कई पिंजरे लगा रहे थे। सोमवार को कड़ी मेहनत के बाद वन विभाग की टीम ने दहशत फैलाने वाले तेंदुए को पिंजरे में कैद कर लिया। तेंदुए के पिंजरे में कैद होते ही यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं व क्षेत्र के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली हैं।

कार्यालय उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ लि.

ई-निविदा सूचना

उ. प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. निर्माण प्रबन्धन सहायता के वीडिय संख्या - 3/E-Tender / UPRNSS/ 2022-23 दिनांक : 21.07.2022 के द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर में राजकीय अधिशिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में विभिन्नगामीय इन्डोर ट्रेनिंग इन्डोरहाल (डी.टी.आई.) के अवशेष कार्य निविदा लागत रू. 25.30 लाख (जी.एस.टी. सहित) हेतु ई टेण्डरिंग के माध्यम से आमन्त्रित निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेंट विषय वर्ती वेबसाइट http://etender.up.nic.in से दिनांक 21.07.2022 से 04.08.2022 तक अवलोड की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
यू.पी.आर.एन.एस.एस.
निर्माण प्रबन्धन सहायतार्थ ।

(CLS)

प्रपत्र सं. 5
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
600/1, यूनिवर्सिटी रोड हनुमान सेतु मंदिर के पास, लखनऊ
प्रकाशन द्वारा उत्तर और उपस्थिति दर्ज करने के लिए समन
ओ.ए.2019 का 221 नंबर
दिनांक: 04.07.2022

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
बनाम
मैसर्स पालवी निट्स व अन्य

1. मैसर्स पालवी निट्स
इसके मालिक के माध्यम से
श्री मनीष सेठ
27बी, सुपर एमआईजी एक्सटेंशन न्यू आपार्टमेंट, सैक्टर-93, नोएडा, जिला जी.बी. नगर-201301, उ.प्र.
2. श्री मनीष सेठ
बी-1201, आबषाली जीडिएक, सैक्टर-120, नोएडा, जिला जी.बी. नगर-201301, उ.प्र.

उपर्युक्त आवेदन में आपको दस्तावेजों और हलफनामों (यदि कोई हो) के साथ दो सेटों में तैयार बचाव फॉर्म में जवाब दाखिल करना होगा, व्यक्तिगत रूप से या इस न्यायाधिकरण में अपने विधिवत अधिकृत एजेंट या काननी व्यवसायी के माध्यम से, समन के प्रकाशन के बाद बाद आवेदक या उसके वकील / विधिवत अधिकृत एजेंट पर उसी की प्रति परोसने के बाद और उसके बाद 5/9/22 को 10:30 बजे न्यायाधिकरण के समक्ष पेश होने के बाद, जिसमें विफल होने पर आवेदन होगा।

रजिस्ट्रार
ऋण वसूली न्यायाधिकरण, लखनऊ

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद

''स्वर्णिम अवसर''

अधिकतम कार्यालय, नया मुरादाबाद परिसर में कैन्टीन हेतु स्थान प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

दिनांक निविदा : 29-07-2022, समय : 12.00 बजे पर्यन्त, स्थान : प्राधिकरण कार्यालय सभागार।

क्र.सं.	प्रस्तावित का प्रकार	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	आरक्षित रा प्रति वर्ष किट (रू.)
1.	कैन्टीन	172.16	28.00

नोट : नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्तियों को रू. 25,000.00 की जमानत धनराशि प्राधिकरण एवं में एस.डी.आर. के रूप में जमाकर एक के साथ संलग्न करना होगा।

नियम व शर्तें :-

- नीलामी में सफलता किए निकाल तब किया एवं अंतिम नीलामी पुष्टिकरण में उपलब्ध है, जिसे रू. 5/10/- शुल्क के भुगतान पर प्राधिकरण कार्यालय के सामने निकाल में प्राप्त किया जा सकता है।
- इच्छुक व्यक्ति आवेदनकर्ता नीलामी में भाग लेने हेतु पहले पावतिया का बैंक ड्राफ्ट एवं आवेदन पत्र नीलामी के दिन निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व सम्बन्धित विभाग में जमा कर टोकन प्राप्त करते हुए नीलामी में भाग ले सकते हैं। उपाध्यक्ष

किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., घोसी, जनपद-मऊ

ई-निविदा सूचना

पेराई सत्र 2022-23 में निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु अनुभवी उत्पादकर्ताओं/ अधिकृति विक्रेता प्रमाण पत्र सहित की आपूर्ति हेतु उनके नाम के सम्मुख अंकित तिथियों एवं समय ओपनिंग हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जिसका पूर्ण विवरण वेबसाईट www.etender.up.nic.in व www.upsugarfed.org पर देखें जा सकते हैं। निविदा फार्म का मूल्य रू. 300/- (जी.एस.टी. सहित) बैंक ड्राफ्ट/आर.टी.जी.एस./इ.एफ. क्रेडिट रिपोर्ट के माध्यम से निविदा खुलने के पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा। कार्य व धरोहर धनराशि का विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र पर होगा। धरोहर धनराशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट किसान सहकारी मिल्स लि., घोसी के पक्ष में स्वीकार किया जायेगा। यथा आवश्यकता एल-1 से निगोसिएशन भी किया जायेगा। बिना धरोहर धनराशि के कोई ई-निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अध्यक्षस्वाक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

क्रम	विवरण	टेण्डर फीस जी.एस.टी. सहित	धरोहर धनराशि	ओपनिंग तिथि
1	Supply ERW GR.-T-22 Boiler Tubes sizes-44.50 mm O.D. x 4.06 mm Thick x 6 mtr Long (107 Nos. 642 Mtr.)	300.00 (तीन सौ)	20,000.00 (बीस हजार)	04.08.2022
2	Forged steel proof machined normalized Roller shaft (bloom) of 40 c 8 quality as per IS 1570-1979 and amended up to date having tensile strength not less 58 kg/mm² duly tested ultrasonically suitable for Roller shaft dia size 435 mm x 3650 mm (30"x60" mill) One No.	300.00 (तीन सौ)	15,000.00 (पंद्रह हजार)	04.08.2022

(सुनील दत्त यादव)
प्रधान प्रबन्धक

पत्रांक : 628/2022-23 दिनांक 23.07.2022

PAVNA INDUSTRIES LTD.

CIN-I34109UP1994PLC016359, GSTIN-09AACCP0664L1Z6, PAN-AACCP0664L

Registered Office: 'VIMLANCHAL'- Hari Nagar, Gopal Puri, Aligarh - 202001 (UP - INDIA)
Tel No.: +91 8006409330 E-mail: enquiry@pavnagroup.com, info@pavnazadi.com
Website: www.pavnagroup.com

सूचना

कंपनी के सदस्यों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 108 और 110 के अनुसार, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम 2014 के नियम 20 और 22 के साथ पठित समय पर लागू), और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 (सूचीकरण विनियम) के (नियम 44) और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ('एमसीए') द्वारा जारी छूट और स्पष्टीकरण सामान्य परिपत्र संख्या. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020 और 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 39/2020 दिनांक 31 दिसंबर 2020 और 10/2021 दिनांक 23 जून, 2021 को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी किया गया (''एमसीए परिपत्र'' कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग (रिमोट ई-वोटिंग) के माध्यम से कंपनियों द्वारा प्रस्तावों को पारित करने के संबंध में, कंपनी ने मंगलवार 26 जुलाई 2022 को उन सभी सदस्यों को नोटिस दिनांक (26 जुलाई 2022) को एक ईमेल भेजा है, जिसमे उनके नाम सामने आये हैं। शुक्रवार 15 जुलाई, 2022 (कट-ऑफ तिथि) को नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड/सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विस लिमिटेड से प्राप्त सदस्यों के रजिस्टर/डिपॉजिटरी के रिकॉर्ड पर। कंपनी निम्नलिखित मामलों के लिए इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान सहित रिमोट ई-वोटिंग द्वारा कंपनी के शेयरधारकों का अनुमोदन चाहती है:

क्रमांक	संकल्प का विवरण
1.	कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी 6.10 करोड़ से बढ़ाकर 15 करोड़
2.	मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन के कैपिटल क्लॉज में बदलाव
3.	1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करना
4.	एसएमई से एनएसई लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड के मुख्य बोर्ड में स्थानांतरण

जिन सदस्यों के नाम कट ऑफ तिथि को डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज हैं, वे रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपने वोट डालने के हकदार होंगे। एक व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि पर सदस्य नहीं है, उसे तदनुसार नोटिस को केवल सूचना के उद्देश्य से मानना चाहिए।

कंपनी ने सदस्यों को निमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए एनएसडीएल की सेवाएं ली हैं, जिससे वे इलेक्ट्रॉनिक रूप से और सुरक्षित तरीके से अपना वोट डाल सकें। सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपनी सहमति (फॉर) या असहमति (विरुद्ध) को रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से 26 अगस्त, 2022 को सायं 5.00 बजे (आईएसटी) तक दर्ज करें । इसके तुरंत बाद एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग को ब्लॉक कर दिया जाएगा और उक्त तिथि और समय के बाद अनुमति नहीं दी जाएगी। इस अवधि के दौरान, कट-ऑफ तिथि यानी 15 जुलाई, 2022 को भौतिक या इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर रखने वाले कंपनी के सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालेंगे। वोटिंग के अधिकार की गणना कट-ऑफ तिथि को सदस्य (सदस्यों) के नाम में पंजीकृत शेयरों के चुकता मूल्य पर भी की जाएगी। एक बार किसी सदस्य द्वारा किसी संकल्प पर वोट डालने के बाद, सदस्य को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता और मोबाइल नंबर पंजीकृत नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे इसे nikita.jirepatil@linkintime.co.in पर लिखकर आरटीए यानी लिंकिनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ पंजीकृत/अपडेट करें।

यदि आपके पास ई-वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (''एफएक्यू'') और ई-वोटिंग मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं या सुश्री हिमाली को एक ईमेल evoting@nsdl.co.in पर लिख सकते हैं।

निदेशक मंडल ने निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पोस्टल बैलेट और ई-वोटिंग प्रक्रिया के संचालन के लिए श्री नितिन जैन (सदस्यता संख्या: 506898), चार्टर्ड अकाउंटेंट का अभ्यास करने के लिए स्क्रूटिनाइज़र के रूप में नियुक्त किया है।

रिमोट ई-वोटिंग के परिणाम रविवार, 28 अगस्त, 2022 को कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में घोषित किए जाएंगे। रिमोट ई-वोटिंग परिणाम और संवीक्षक की रिपोर्ट एनएसई लिमिटेड को प्रस्तुत की जाएगी और कंपनी की वेबसाइट https://www.pavnagroup.com पर भी अपलोड की जाएगी।

स्थान: अलीगढ़
दिनांक : 26 जुलाई 2022

पावना इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए
एसडी/-
श्री स्वप्निल जैन
प्रबंध निदेशक